**परिशिष्ट III**

## अधिकारी ग्रेड बी (डीआर)-आनीअवि/सांसप्रवि के लिए चयन योजना

### क. अधिकारी ग्रेड बी (डीआर)-आनीअवि – 2018- कार्य संबंधी अपेक्षाएं, चयन योजना तथा पाठ्यक्रम

(i) **कार्य संबंधी अपेक्षाएं:** चुनिंदा क्षेत्रों के संबंध में आंकडों के संकलन के साथ-साथ आर्थिक विश्लेषण तथा अनुसंधान संचालित करना तथा नीति निर्माण में सहयोग करना।

(ii) **चयन योजना:**

चयन, ऑनलाइन/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षा के लिए 3 प्रश्न-पत्र होंगे । प्रश्नपत्र- I वस्तुनिष्ठ प्रकार (अर्थशास्त्र पर) के लिए परीक्षा 16 अगस्त 2018 को आयोजित की जाएगी तथा प्रश्नपत्र-II तथा III के लिए परीक्षा अलग से 6 अथवा 7 सितंबर 2018 को आयोजित की जाएगी (तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी)।

| प्रश्न-पत्र | अवधि | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र - I वस्तुनिष्ठ स्वरूप (अर्थशास्त्र पर) | 120 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – II वर्णनात्मक स्वरूप (अर्थशास्त्र पर)<br>(प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किया जाएगा, उत्तर कागज में लिखे जाने होंगे) | 180 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – III अंग्रेजी-वर्णनात्मक स्वरूप का (की बोर्ड की सहायता से टाइप किया जाना होगा) | 90 मिनट | 100 |
| **कुल** | | **300** |

प्रश्नपत्र-I के लिए संयुक्त रूप से 120 मिनटों का समय दिया जाएगा। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जो डाउनलोड किए जाने के लिए परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रश्नपत्र I में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र I में प्राप्त

समग्र अंकों के आधार पर प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुना जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम समग्र कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर प्रश्नपत्र I की परीक्षा के लिए लगभग एक सप्ताह के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जांएगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II तथा III ऑनलाइन/लिखित परीक्षा:** प्रश्नपत्र I के परिणाम के आधार पर केवल चुने गए उम्मीदवारों के लिए प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा 6 अथवा 7 सितंबर 2018 को आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा पालियों में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को सभी पालियों में उपस्थित होना होगा। प्रत्येक पाली के अलग प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए समयसारिणी संबंधित उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र II तथा III के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के समय भेजी जाएगी।

(iv) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र (अंग्रेजी में प्रश्नपत्र III को छोड़कर) हिंदी तथा अंग्रेजी में तैयार किए जाएगा। प्रश्नपत्र II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। प्रश्नपत्र III के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे। उम्मीदवार हिंदी अथवा अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं।

(v) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी ।

(vi) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

(vii) **<u>पाठ्यक्रम:</u>** (i) प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा। (ii) अंग्रेजी के लिए पाठ्यक्रम: निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता, व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

(viii) पढ़ने के लिए सुझाई गई सामग्री: भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रकाशन अर्थात वार्षिक रिपोर्ट, भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति, मौद्रिक नीति रिपोर्ट तथा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट तथा भारत सरकार द्वारा प्रकाशित पिछले दो वर्षों के आर्थिक सर्वेक्षण।

## ख. अधिकारी ग्रेड बी (डीआर)-सांसूप्रवि –2018- कार्य संबंधी अपेक्षाएं, चयन योजना तथा पाठ्यक्रम

(i) **कार्य संबंधी अपेक्षाए:** बैंकिंग, कॉरपोरेट तथा बाहरी क्षेत्रों के आंकड़े एकत्र करना, उनका संकलन, विश्लेषण तथा व्याख्या करना; मुद्रा स्फीति, वृद्धि तथा समष्टि अर्थशास्त्र के अन्य महत्वपूर्ण संकेतकों का प्रतिरूपण तथा पुर्वानुमान; भारतीय रिज़र्व बैंक के हित मे प्रचालन क्षेत्रों में सांख्यिकीय/अर्थमितीय प्रतिरूपों को शामिल करते हुए विश्लेषणात्मक अध्ययन; नमूना सर्वेक्षणों की आयोजना, डिजाइनिंग तथा आयोजन; सूचना प्रबंधन/प्रसार के लिए तकनीक आधारित केंद्रीकृत रिपोर्टिंग

प्रणाली तथा डाटा वेयरहाउस का रखरखाव; तथा चर मदों के मापन तथा अनुमान के लिए तथा अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के डाटाबेस में सुधार के लिए कार्यपद्धति का विकास।

## (ii) **चयन योजना:**

चयन, ऑनलाइन/लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा । परीक्षा के लिए 3 प्रश्न-पत्र होंगे । प्रश्नपत्र- I वस्तुनिष्ठ प्रकार (सांख्यिकी पर) के लिए परीक्षा 16 अगस्त 2018 को आयोजित की जाएगी तथा प्रश्नपत्र-II तथा III के लिए परीक्षा अलग से 6 अथवा 7 सितंबर 2018 को आयोजित की जाएगी (तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी)।

| **प्रश्न-पत्र** | **अवधि** | **अधिकतम अंक** |
|---|---|---|
| प्रश्न-पत्र - I वस्तुनिष्ठ स्वरूप (सांख्यिकी पर) | 120 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – II वर्णनात्मक स्वरूप (सांख्यिकी पर)<br>(प्रश्नपत्र कंप्यूटर पर प्रदर्शित किया जाएगा, उत्तर कागज में लिखे जाने होंगे) | 180 मिनट | 100 |
| प्रश्न-पत्र – III अंग्रेजी-वर्णनात्मक स्वरूप का<br>(की बोर्ड की सहायता से टाइप किया जाना होगा) | 90 मिनट | 100 |
| **कुल** | | **300** |

प्रश्नपत्र-I के लिए संयुक्त रूप से 120 मिनटों का समय दिया जाएगा। परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी सूचना हैंडआउट में दी जाएगी जो डाउनलोड किए जाने के लिए परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे।

प्रश्नपत्र I में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र I में प्राप्त समग्र अंकों के आधार पर प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुना जाएगा। प्रश्नपत्र II/ प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुने जाने के लिए न्यूनतम समग्र कट ऑफ अंकों का निर्धारण बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के आधार पर किया जाएगा। प्रश्नपत्र II/प्रश्नपत्रIII की परीक्षा के लिए चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर प्रश्नपत्र I की परीक्षा के लिए लगभग एक सप्ताह के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जांएगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II तथा III ऑनलाइन/लिखित परीक्षा:** प्रश्नपत्र I के परिणाम के आधार पर केवल चुने गए उम्मीदवारों के लिए प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा 6 अथवा 7 सितबंर 2018 को आयोजित की जाएगी। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए परीक्षा पालियों में आयोजित की जाएगी। उम्मीदवारों को सभी पालियों में उपस्थित होना होगा। प्रत्येक पाली के अलग प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। प्रश्नपत्र II तथा III के लिए समयसारिणी संबंधित उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र II तथा III के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के समय भेजी जाएगी।

(iv) लिखित परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र (अंग्रेजी में प्रश्नपत्र III को छोड़कर) हिंदी तथा अंग्रेजी में तैयार किए जाएगा। प्रश्नपत्र II के उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखे जा सकते हैं। प्रश्नपत्र III के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखे जाने होंगे। उम्मीदवार हिंदी अथवा अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं।

(v) साक्षात्कार हेतु बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या बोर्ड द्वारा तय की जाएगी ।

(vi) अंतिम तौर पर चयन, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में निष्पादन के आधार पर सम्मिलित रूप से होगा ।

**<u>पाठ्यक्रम:</u>** (i) प्रश्नपत्रों का स्तर भारत के किसी भी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा का होगा।

**<u>प्रश्नपत्र I:</u>** इस प्रश्नपत्र में संभाव्यता, संभाव्यता की परिभाषा, मानक वितरण, छोटा और बड़ा नमूना सिद्धान्त, भिन्नता विश्लेषण, अनुमान, परिकल्पना की जांच, मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस से संबंधित प्रश्न शामिल रहेंगे ।

**<u>प्रश्नपत्र II:</u>** (i) संभाव्यता तथा नमूना चयन (ii) रेखीय मॉडल तथा आर्थिक सांख्यिकी (iii) सांख्यिकी अनुमान: अनुमान, परिकल्पना की जांच तथा नॉन-पैरामिटरिक परीक्षण (iv) स्टॉकेस्टिक प्रोसेसेस (v) मल्टी-वैरिएट विश्लेषण तथा (vi) अंक विश्लेषण तथा मूलभूत कंप्यूटर तकनीक । उम्मीदवारों को इस बात का पर्याप्त विकल्प उपलब्ध रहेगा कि वे दिए गए छः समूहों में से किसी तीन या अधिक समूहों से अपेक्षित संख्या में प्रश्नों के उत्तर दें ।

**<u>प्रश्नपत्र III:</u>** अंग्रेजी : निबंध, सार लेखन, बोधगम्यता तथा व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार ।

## ग. अधिकारी ग्रेड बी (डीआर)-आनीअवि/सांसूप्रवि दोनों की परीक्षाओं के आयोजन का तरीका:

(i) **परीक्षाएं दो दिन अर्थात प्रश्नपत्र I 16 अगसत 2018 तथा प्रश्नपत्र II तथा III अलग से** 6 अथवा 7 सितंबर 2018 **(तारीख की पुष्टि प्रवेश पत्रों में की जाएगी) को आयोजित की जाएगी।**

(ii) **प्रश्नपत्र I** (अर्थशास्त्र/सांख्यिकी, जो भी हो, पर वस्तुनिष्ठ प्रकार का) की परीक्षा ऑनलाइन होगी तथा इसमें बहुविकल्पी प्रश्न होंगे।

(iii) **प्रश्नपत्र II** (अर्थशास्त्र/सांख्यिकी, जो भी हो,पर) पेन/कागज (उत्तर पुस्तिका) वर्णनात्मक प्रकार का होगा जिसमें प्रश्न कंप्यूटर स्क्रीन पर दर्शाए जाएंगे तथा यह एक पाली में 6 अथवा 7 सितंबर 2018 को आयोजित किया जाएगा।

(iv) **प्रश्नपत्र III** (अंग्रेजी) वर्णनात्मक प्रकार का होगा जिसमें उम्मीदवारों को कंप्यूटर पर उत्तर टाइप करने होंगे।

(v) बोर्ड को अधिकार है कि वह अपने विवेक पर परीक्षा की तारीखों में परिवर्तन कर सके।